प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

अध्यक्ष/सचिव/प्रबंधक,
डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम,
हेतु नव–स्थापित होने वाली संस्थाएं।

पत्रांकः–प्राशिप/परिषद/2023/ 3819 **लखनऊःदिनांक–** 04.09.2023

विषयः–सत्र 2023–24 के लिए डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यकम हेतु नवआवेदित संस्थाओं को परिषद से सम्बद्धता प्रदान किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक परिषद के पत्र संख्या प्राशिप/परिषद/2023/3680 दिनांक 28–8–2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सत्र 2023–24 हेतु समस्त नवस्थापित डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यकम संचालित करने वाली निजी क्षेत्र की संस्थानों को परिषद से सम्बद्धता प्रदान किये जाने के कम में **दिनांक 29–8–2023 से दिनांक 02–09–2023** के मध्य **यूराईज पोर्टल** के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये गये थे **(छायाप्रति संलग्न)।**

कतिपय संस्थानों द्वारा आवेदनपत्र पूर्ण रूप से सबमिट न किये जाने अथवा वांछित अभिलेख अपलोड न किये जाने के दृष्टिगत उनके अनुरोध पर पुनः एक अवसर प्रदान करते हुए एक दिवस के लिए **(दिनांक 05–09–2023 के मध्यरात्रि तक) पोर्टल** खोला जाता है।

नव–स्थापित संस्थाओं द्वारा यू0राईज पोर्टल पर दिये गये लिंक https://urise.up.gov.in/affiliationsignup के माध्यम से रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। रजिस्ट्रेशन उपरांत संस्थाओं को पंजीकृत ई0मेल0 पर लॉगिन पासवर्ड उपलब्ध कराया जायेगा। तत्पश्चात् https://urise.up.gov.in/affiliation/ affiliationinic लिंक के माध्यम से संस्थान द्वारा लॉगिन किया जाएगा। लॉगिन किये जाने के पश्चात् संस्था संबंधी समस्त सूचनाओं की त्रुटिरहित प्रविष्टि कर आवेदन पत्र submit किया जाएगा। साथ ही पी0सी0आई0 द्वारा निर्गत अनुमोदन पत्र की स्पष्ट एवं प्रमाणित प्रति (pdf format) व संलग्न प्रारूप "अ" एवं "ब" पर रू0 100/– का स्टाम्प पेपर का शपथ पत्र दिये गये लिंक के माध्यम से अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। उपरोक्त निर्धारित तिथि **05 सितम्बर 2023** तक ही आवेदन स्वीकार किये जाएंगे। यह भी अवगत कराना है कि इस संबंध में ऑनलाइन माध्यम के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

उपरोक्त निर्धारित तिथि **05 सितम्बर 2023** तक आवेदन करने के उपरांत संस्था द्वारा यू–राईज पोर्टल पर किये गये आवेदन पत्र की प्रमाणित प्रति (अनुमोदन पत्र सहित), मूल शपथपत्र एवं परिषद द्वारा निर्गत अनापत्ति पत्र की प्रति परिषद कार्यालय में अनिवार्य रूप से **दिनांक 06 सितम्बर 2023** तक जमा किया जायेगा। **निरीक्षण शुल्क के संबंध में पृथक से सूचना प्रेषित की जाएगी।** निरीक्षण शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा।

उपरोक्त तिथि तक आवेदन न किये जाने एवं वांछित अभिलेख परिषद कार्यालय को जमा न किये जाने की स्थिति में सत्र 2023–24 हेतु परिषद से सम्बद्धता प्रदान नहीं किया जाएगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित संस्था का होगा।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव

पृ0सं0– प्राशिप/परिषद/2023/ 3820–24 **तद्दिनांक–** 04.09.2023

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के अवलोकनार्थ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
3. निदेशक, आई0आर0डी0टी0, उ0प्र0, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र।
5. नोडल अधिकारी, यू0राईज पोर्टल को उपरोक्तानुसार अग्रेतर कार्यवाही हेतु।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव